

**सोशल मीडिया पर काफी ऐक्टिव है चहल**

उल्लेखनीय है कि युजवेंद्र चहल सोशल मीडिया पर काफी ऐक्टिव रहते हैं। वह बहन और पिता के साथ अक्सर वीडियोज इंस्टा पर पोस्ट करते रहते हैं। यही नहीं, टीम इंडिया के लिए उनकी श्चहल टीवीश भी है, जिसमें यह स्पिनर साथी खिलाड़ियों का फनी इंटरव्यू करता रहता है।

## रोहित शर्मा ने उड़ाया युजवेंद्र चहल की फील्डिंग का मजाक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कप्तान विराट कोहली और लिमिटेड ओवरों के उपकप्तान रोहित शर्मा जैसे सीनियर भारतीय क्रिकेटरों के निशाने पर हमेशा युजवेंद्र चहल रहते हैं। वे अक्सर इस करिश्माई गेंदबाज का मजाक बनाते रहते हैं। हालांकि, इस मामले में चहल भी कुछ कम नहीं हैं। इस बार रोहित शर्मा ने चहल को छोटा भाई बताते हुए उनकी फील्डिंग का मजाक उड़ाया है। यही नहीं, उन्होंने उनकी नकल भी उतारी। इंस्टाग्राम पर रोहित शर्मा ने वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा– यह मेरे छोटे भाई युजवेंद्र चहल हैं। वह फील्डिंग के दौरान ऐसे ही होते हैं (कूदते रहते हैं)। वीडियो में रोहित शर्मा जंपिंग करते दिखाई दे रहे हैं। इससे पहले एक लाइव चौट के दौरान युजवेंद्र चहल के सामने ही विराट कोहली ने उनका मजाक बनाया था। हालांकि, अच्छी बात यह है कि भारतीय क्रिकेटरों में अच्छी ट्यूनिंग है और सभी इसे फनी अंदाज में लेते हैं। बता दें कि कोरोना वायरस की वजह से देश में लॉकडाउन जारी है। इस वजह से भारतीय क्रिकेटर अपने–अपने घर पर रह रहे हैं। जैसे ही स्थिति सामान्य होगी और छूट मिलेगी वे सभी को एंटरटेन करने के लिए एक बार फिर मैदान में नजर आएंगे।

# धौनी अगले साल भी टी20 विश्व कप खेल सकते हैं

**क्रिकेट**

पत्नी साक्षी को सफाई देनी पड़ी

## सोशल मीडिया पर आने वाली चीजों पर ध्यान ना दें: केशव बनर्जी



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कोलकाता। भारत के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धौनी के संन्यास की खबरें सोशल मीडिया पर चलती रहती हैं। बुधवार को एक बार फिर से धौनी के क्रिकेट को अलविदा कहना खबरें सामने आई जिसपर उनकी पत्नी साक्षी को सफाई देनी पड़ी। पूर्व कप्तान के बचपन के कोच केशव बनर्जी ने कहा कि सोशल मीडिया पर आने वाली चीजों पर ध्यान ना दें अगर टी20 विश्व कप अगले साल हुआ तो उसमें भी धौनी खेल सकते हैं।

बुधवार शाम से अचानक ही ट्विटर पर धौनी के संन्यास की खबरें जोर पकड़ने लगी और उनके नाम से #DhoniRetires का हैशटैग ट्रेंग करने लगा। हालांकि यह खबरें एक बार फिर से अफवाह ही निकली। पहले उनकी पत्नी ने इस खबर का खंडन किया और इसके बाद उनके बचपन के कोच ने भी सामने आकर इसे महज अफवाह बताया।

केशव ने गुरुवार को रांची से आईएएनएस से बात करते हुए बताया, धौनी उस तरह के इंसान ही नहीं हैं जो लोगों के बुलाएंगे और कहेंगे में रिटायर हो रहा हूं। उनको पता है यह कैसे करना है। जब उनको लगेगा कि वक्त हो गया है तो वह बीसीसीआईको इसकी जानकारी दे देंगे और अच्छी तरह से एक प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाएंगे और वो सबकुछ करेंगे जिसे किए जाने की जरूरत है। वैसे ही जैसे कि उन्होंने तब किया जब टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया था।

आपको सोशल मीडिया की खबरों पर हीं जाना चाहिए। ऐसी बहुत सी चीजें हैं जो ट्रेंड बन जाती हैं लेकिन अंत में झूठी खबर साबित होती है। मुझे यह बात समझ नहीं आती आखिर लोग धौनी के पीछे क्यों पड़े हैं। मैं उनको अच्छी तरह से जानता हूं और आपको बता सकता हूं कि जब भी उनको लगेगा कि रिटायर हो जाना चाहिए तो वह हम सभी को इस बारे में बता देंगे।

बनर्जी ने इससे पहले कहा था कि वो टी20 विश्व कप में भारतीय टीम का हिस्सा हो सकते हैं। अगर वह इंडियन प्रीमियर लीग में हीं खेल पाते हैं तब भी उनके अनुभव के आधार पर ऑस्ट्रेलिया जाने वाली टीम में जगह दी जा सकती है। आप आईपीएल में यह देख लेंगे कि धौनी अभी भी कितने फिट हैं। टी20 विश्व कप अगर इस साल स्थगित हो गया फिर भी वो खेल सकते हैं। यह अगले साल कराया गया फिर भी धौनी उसमें टीम का हिस्सा हो सकते हैं।

# कुंबले और लक्ष्मण को इस साल आईपीएल के आयोजन की उम्मीद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



नई दिल्ली। पूर्व भारतीय कप्तान और किंग्स इलेवन पंजाब के मुख्य कोच अनिल कुंबले को उम्मीद है कि इस साल इंडियन प्रीमियर लीग का आयोजन होगा और उन्होंने कोविड–19 महामारी के चलते दर्शकों के बिना इस लीग के आयोजन का भी समर्थन किया। यह अभी आधिकारिक नहीं है लेकिन भारतीय क्रिकेट बोर्ड इस टूर्नामेंट का आयोजन अक्टूबर में करना चाहता है। कोविड–19 महामारी के कारण टूर्नामेंट अभी अनिश्चितकाल के लिए स्थगित है।

कुंबले ने स्टार स्पोर्ट्स के कार्यक्रम 'क्रिकेट कनेक्टेड' में कहा, 'हां हम इस साल आईपीएल के आयोजन के प्रति आशान्वित हैं लेकिन इसके लिये हमें कार्यक्रम को काफी व्यस्त करना होगा।'

उन्होंने कहा, 'अगर हम दर्शकों के बिना मैचों का आयोजन करते हैं तो फिर इन्हें तीन या चार स्थलों पर आयोजित किया जा सकता है। इसके आयोजन की अब भी संभावना है। हम सभी आशावादी हैं।' पूर्व भारतीय बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण ने कहा कि आईपीएल से जुड़े हितधारक मैचों का आयोजन उन शहरों में कर सकते हैं जहां कई स्टेडियम है। इससे खिलाड़ियों को कम यात्राएं करनी पड़ेंगी।

**भारतीय क्रिकेट बोर्ड इस टूर्नामेंट का आयोजन अक्टूबर में करना चाहता**

लक्ष्मण ने कहा, 'निश्चित तौर पर इस साल आईपीएल आयोजन की संभावना है। आपको ऐसे एक स्थल की पहचान करनी होगी जहां तीन या चार मैदान हों क्योंकि यात्रा करना भी काफी चुनौतीपूर्ण होगा।' उन्होंने कहा, 'आप यह नहीं जानते कि हवाई अड्डे पर कौन कहां जा रहा है इसलिए मुझे विश्वास है कि फ्रेंचाइजी और बीसीसीआई इस पर गौर करेंगे।'

## राहुल द्रविड़ ने बताया लॉकडाउन से क्या फायदा?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कोलकाता। राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के प्रमुख और पूर्व भारतीय कप्तान राहुल द्रविड़ ने खुलासा किया कि कोविड–19लॉकडाउन के बीच गैर अनुबंधित और अंडर–19 खिलाड़ियों के मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े पहलुओं पर पेशेवरों की मदद से गौर किया गया। द्रविड़ ने राजस्थान रॉयल्स के मानसिक स्वास्थ्य को लेकर आयोजित वेबीनार में स्वीकार किया कि क्रिकेटरों के लिए यह अनिश्चितता भरा दौर है जिससे वे मानसिक तौर पर प्रभावित हो सकते हैं। उन्होंने कहा, 'लॉकडाउन में हमने इस मुद्दे (पेशेवरों के जरिए खिलाड़ियों के मानसिक स्वास्थ्य पर काम) पर गौर करने की कोशिश की। हमने अनुबंध सूची से बाहर और अंडर–19 खिलाड़ियों की पहचान की। हमने उन्हें पेशेवरों की मदद लेने का मौका दिया।' द्रविड़ ने कहा, 'पूर्व क्रिकेटर होने के नाते मेरा मानना है कि पूर्व क्रिकेटर और क्रिकेट कोच के पास इस तरह के मसलों से निबटने की विशेषज्ञता नहीं है जिनसे की इन दिनों कुछ युवा गुजर रहे हैं। हमारे लिए यही अच्छा था कि हम इसके लिए पेशेवरों की मदद लें।'

## न्यूज डायरी



### महेंद्र सिंह धोनी की रिटायरमेंट की खबरों पर साक्षी का करारा जवाब

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। महेंद्र सिंह धोनी की रिटायरमेंट की खबरें अभी शांत होती नजर नहीं आ रही हैं। बुधवार रात को अचानक ट्विटर पर धोनी के रिटायरमेंट की खबरें ट्रेंड करने लगीं। #DhoniRetier टॉप ट्रेंड में आ गया। ऐसा लगा कि लॉकडाउन के दौरान ही टीम इंडिया के पूर्व कप्तान क्रिकेट से विदा ले लेंगे। पर जल्द ही उनकी पत्नी साक्षी ने मोर्चा संभाला और धोनी की रिटायरमेंट की खबरें उड़ा रहे लोगों को करारा जवाब दिया। हालांकि बाद में साक्षी ने वह ट्वीट अपने हैंडल से डिलीट कर दिया। अब इसकी क्या वजह है यह तो साक्षी खुद ही बता सकती हैं। हालांकि इससे धोनी के रिटायरमेंट पर सस्पेंस और बढ़ गया है। धोनी ने बीते साल जुलाई में न्यूजीलैंड के खिलाफ वर्ल्ड कप सेमीफाइनल के बाद से कोई मुकाबला नहीं खेला है। इसके बाद से ही क्रिकेट जगत में उनके करियर को लेकर अटकलें लगनी शुरू हो गई हैं। साक्षी ने इस सब खबरों को फेक बताया। उन्होंने कड़ा बयान देकर धोनी के संन्यास को लेकर चल रहीं अफवाहों को विराम देने का काम किया।

### अंडर–19 और भारत–ए टीम के लिए बहुत फायदेमंद साबित हुए विदेशी दौरे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय अंडर–19 टीम के कप्तान प्रियम गर्ग ने राहुल द्रविड़ और बीसीसीआई की तारीफ की है। उन्होंने कहा है कि भारत–ए और अंडर–19 टीम के विदेश दौरे करवाने और का फैसला बहुत अच्छा है। गर्ग ने इसके लिए शुरुआती कदम उठाने के लिए राहुल द्रविड़ की प्रशंसा की। हेलो ऐप के लाइव कार्यक्रम में इस उभरते हुए क्रिकेटर ने टीम इंडिया के मौजूदा कप्तान विराट कोहली की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि कोहली क्रीज पर काफी सहजता से खेलते हैं। उन्होंने कहा कि क्रीज का अच्छा इस्तेमाल और बेहतरीन फुटवर्क किसी खिलाड़ी की कामयाबी की बड़ी वजह बन सकते हैं। प्रियम ने इस दौरान अपने गली क्रिकेट की यादों को भी ताजा किया। उन्होंने कहा वह अब भी वन टिप कैच के मैच खेल रहे हैं। उन्होंने गली क्रिकेट में अपना बेस्ट स्कोर भी बताया जो 85 रन है।

### अब रोम में ही होगी रोम डायमंड लीग, स्टेडियम डि मरामी में दिखेगा रोमांच

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** रोम। यूरोपीय फुटबॉल चौंपियनशिप के कारण नेपल्स स्थानान्तरित कर दी गई रोम डायमंड लीग अब इटली की राजधानी में ही आयोजित की जाएगी। इटालियन ऐथलेटिक्स महासंघ ने बुधवार को बैठक में कहा कि यूरो 2020 के कोरोना वायरस के कारण स्थगित हो जाने के बाद अब यह लीग 17 सितंबर को रोम में ही आयोजित की जाएगी। इसका आयोजन हालांकि ओलिंपिक स्टेडियम में नहीं बल्कि स्टेडियम डि मरामी में किया जाएगा। इटालियन ऐथलेटिक्स महासंघ के अध्यक्ष एल्फियो गोमी ने उम्मीद जतायी कि इसका आयोजन दर्शकों की मौजूदगी में किया जाएगा। उन्होंने कहा, 'हम इसे बंद दरवाजों नहीं बल्कि खुले दरवाजों के बीच आयोजित करने की सोच रहे हैं।'

### ससुराल में अखाड़े में उतरीं साक्षी मलिक, कर रहीं देसी अंदाज में तैयारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय खेल प्राधिकरण ने धीरे–धीरे खेल गतिविधियों और प्रशिक्षण शुरू करने के लिए हरी झंडी दे दी है, कोरोना वायरस के खौफ से पूरी तरह से उबरने में वक्त लगेगा। महामारी और लॉकडाउन की वजह ओलिंपिक जैसे खेल के आयोजन रद्द करना पड़ा। यह पहलवान साक्षी मलिक (ौाप डंसपा) जैसे खिलाड़ियों के लिए यह एक बड़ा झटका रहा, क्योंकि ऐथलीटों ने इस महाकुंभ के लिए पूरी तैयारी की थी। ओलिंपिक पदक विजेता साक्षी इस बारे में कहती हैं, श्यह निराशाजनक है, क्योंकि मैंने अच्छी तैयारी की थी और ओलिंपिक क्वॉलिफिकेशन शुरुआती लक्ष्य था। अब इतनी अनिश्चितता है कि हमें पता नहीं है कि किस चीज के हमें तैयारी करना है। मुझे पता है कि मुझे यह समय वापस नहीं मिलेगा। लेकिन यह मेरे हाथ में नहीं है। हालांकि, साक्षी का मानना है कि हर बात में कोई न कोई पॉजिटिव चीज छुपी होती है। वह कहती हैं, सांत्वना यह है कि मैं ऐसा करने वाली अकेली नहीं हूं।